# अग्निवीर भर्ती : आवेदन शुल्क के साथ देना होगा जीएसटी

- 550 रुपये शुल्क के साथ जीएसटी भी आनलाइन ही कटेगा अभ्यर्थी की जेब से
- आई स्कैन से लेकर डोप टेस्ट तक पहुंच चुकी है अग्निवीर की भर्ती प्रक्रिया

**जागरण संवाददाता, अंबाला :** साल 2024 के लिए अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। आवेदन शुल्क के साथ ही जीएसटी भी देना होगा। नोटिफिकेशन जारी कर दी गई है। फिलहाल थल सेना और वायुसेना ने भर्ती के लिए आवेदन भी मांग लिए हैं। प्रवेश शुल्क जहां 550 रुपये है, वहीं इस पर जीएसटी भी अभ्यर्थी को देना होगा। थल सेना में बतौर अग्निवीर भर्ती होने के लिए सेना भर्ती केंद्र अंबाला के तहत अंबाला, कैथल, कुरुक्षेत्र, करनाल, यमुनानगर, पंचकुला और चंडीगढ़ के पुरुष अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं, जबकि दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल एवं चंडीगढ़ की महिला अभ्यर्थियों के लिए पंजीकरण 8 फरवरी से 21 मार्च तक होगा।

दूसरी ओर वायुसेना में बतौर अग्निवीर भर्ती होने के लिए भी अभ्यर्थी छह फरवरी तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इन भर्ती के लिए भीड़ ज्यादा न हो इसके लिए दो चरणों में अभ्यर्थियों के नाम फाइनल किए जाएंगे।

**आंखों के स्कैन से डोप टेस्ट तक प्रक्रिया :** अग्निवीर भर्ती के लिए सेना द्वारा आई स्कैन से लेकर डोप टेस्ट प्रक्रिया तक को अनाया गया है। साल 2022 में पहली बार आंखों के रेटिना का स्कैन किया गया। इस भर्ती में हरियाणा में ही करीब 200 से अधिक फर्जीवाड़े के केस सामने आए थे, जहां पर अग्निवीर भर्ती के लिए कागजातों में फेरबदल किया गया या फिर दूसरे के स्थान पर फिजिकल टेस्ट देते पकड़ा गया। इसके बाद 2023 में भर्ती के लिए डोप टेस्ट को अपनाया गया, ताकि पता चल सके कि फिजिकल टेस्ट को क्लीयर करने के लिए कहीं कोई नशा या अन्य दवा तो नहीं ली गई है।